हम ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ उतरे थे, खुशी है ऐसा कर पाए। भारत ने फाइनल में मेज़बान न्यूज़ीलैंड को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया और इसके साथ अगले सत्र की एफआईएच प्रो लीग में भी जगह सुनिश्चित कर ली।

- सलीमा टेटे

भारतीय हॉकी कप्तान, नेशंस कप जीतने पर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सेरेना विलियम्स

दिग्गज अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स एक बार फिर ग्रैंड स्लैम मंच पर वापसी करने जा रही हैं। 23 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सेरेना को विंबलडन 2026 के सिंगल्स वर्ग के लिए अंतिम वाइल्डकार्ड दिया गया है। इसके साथ ही वह लगभग चार साल बाद किसी बड़े टूर्नामेंट में सिंगल्स मुकाबला खेलती नजर आएंगी। 44 वर्षीय सेरेना पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स के साथ डबल्स वर्ग में वाइल्डकार्ड हासिल कर चुकी थीं, लेकिन अब सिंगल्स में भी उनकी एंट्री ने खेल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। अब सभी की नजरें विंबलडन पर होंगी।

क्या आप जानते हैं ?... फास्टेस्ट 100 गोल : फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में 33 मैचों में 100 गोल का आंकड़ा पार करने का शानदार रिकॉर्ड बना है, जो पिछले 68 सालों में किसी भी संस्करण में सबसे तेज है।

FIFA WORLD CUP 2026

आज के मैच

फ्रांस बनाम इराक
सुबह 2.30 बजे

नोर्वे बनाम सेनेगल
सुबह 5.30 बजे

जॉर्डन बनाम अल्जीरिया
सुबह 8.30 बजे

पुर्तगाल बनाम उज्बेकिस्तान
सुबह 10.30 बजे

दस खिलाड़ियों के साथ ईरान ने बेल्जियम को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

लॉस एंजिलिस, 22 जून। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी मुकाबले में रविवार को बेल्जियम को ईरान के खिलाफ निराशा हाथ लगी। पूरे मैच में दबदबा बनाने के बावजूद बेल्जियम 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए ईरान की मजबूत रक्षा पंक्ति को नहीं तोड़ सका और मुकाबला 0-0 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

दक्षिणी कैलिफोर्निया में खेले गए इस मुकाबले में दर्शकों का बड़ा समर्थन बेल्जियम को मिला, लेकिन ईरान ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए अंक बांटने में सफलता हासिल की। ईरान के गोलकीपर अलीरेज़ा बेइरानवंद टीम के सबसे बड़े नायक साबित हुए। उन्होंने पूरे मैच में सात महत्वपूर्ण बचाव किए और बेल्जियम के लगातार हमलों को विफल कर दिया। बेल्जियम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके बनाए, लेकिन दूसरे हाफ में टीम को बड़ा झटका लगा जब डिफेंडर नाथन न्गोय को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्होंने गोल की ओर बढ़ रहे ईरानी स्ट्राइकर मेहदी तारेमी को रोकने के प्रयास में फाउल किया था।

एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद बेल्जियम ने हमले जारी रखे, लेकिन ईरान की अनुशासित रक्षा के सामने उसे सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ के बाद ईरान के अब दो अंक हो गए हैं और टीम अगले मुकाबले में शुक्रवार को सिएटल में मिस्र से भिड़ेगी। वहीं बेल्जियम के भी दो अंक हैं और उसका अगला मैच वैंकूवर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर दर्ज की विश्व कप इतिहास की पहलीजीत, मोहम्मद सालाह चमके

वैंकूवर, 22 जून। स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सालाह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिस्र ने सोमवार को फीफा विश्व कप 2026 में इतिहास रच दिया। ग्रुप-जी के मुकाबले में मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप इतिहास की अपनी पहली जीत दर्ज की। मिस्र के लिए मोहम्मद सालाह और मुस्तफा ज़िको ने एक-एक गोल करने के साथ एक-एक गोल में सहयोग भी किया, जबकि तीसरा गोल ट्रेजेगेट ने किया। पहले हाफ में पिछड़ने के बाद मिस्र ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ग्रुप-जी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की और 15वें मिनट में फिन सुरमैन ने कॉर्नर से मिले मौके को हेडर में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। पहले हाफ तक न्यूजीलैंड 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ में मिस्र ने आक्रामक खेल दिखाया। 58वें मिनट में मोहम्मद हानी के बेहतरीन क्रॉस पर मुस्तफा ज़िको ने हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया।

बिश्नोई बने इंडियन हेल्थकेयर लीग के ब्रांड एंबेसडर

जयपुर, 22 जून। इंडियन हेल्थकेयर लीग, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ केयर क्रिकेट लीग और भारत के प्रमुख क्रिकेट-आधारित

हेल्थकेयर जागरूकता मंच के रूप में जाना जाता है, ने सीज़न 2 के लिए बड़े विस्तार की घोषणा की है। भारतीय क्रिकेट स्टार रवि बिश्नोई लीग के आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इसमें शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. भगवान बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, राजेश बिश्नोई, रोहित झालानी, शुभम चौधरी और सुनील शर्मा मौजूद रहे। व्हाइट कोट स्पोर्ट्स द्वारा प्रमोट की गई इंडियन हेल्थ केयर लीग को देश भर के हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को एक साझा खेल मंच पर लाने और हेल्थकेयर जागरूकता पहलों के ज़रिए समाज पर सार्थक प्रभाव डालने के विज़न के साथ शुरू किया गया था। दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की फ्रैंचाइजी वाले सफल पहले सीज़न के बाद, लीग अब राष्ट्रीय विकास और विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।

लक्ष्य क्रिकेट अकादमी पहुंची फाइनल में

जयपुर, 22 जून। पिंकसिटी कप के सेमीफाइनल मैच में एसबीएस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया ! लक्ष्य क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 109 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। प्रियंक ने 36 और हनुमत ने 26 रनों का योगदान दिया। एसबीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से सौरभ ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसबीएस क्रिकेट अकादमी 38.2 ओवर में 93 रन पर ऑल आउट हो गई ! रितेश चौधरी ने सर्वाधिक 22 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य क्रिकेट अकादमी की ओर से हनुमत सिंह ने 3 विकेट लिए। प्रियंक ने मैच में दो अच्छे रन आउट और एक स्टंपिंग करके मैन ऑफ द मैच मैच का खिताब लिया। मैन ऑफ द मैच प्रियंक को चुना गया।

इराक के खिलाफ फ्रांस के लिए 100वां मैच खेलेंगे एम्बाप्पे

फिलाडेल्फिया, 22 जून। फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे सोमवार को इराक के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां मैच खेलने उतरेंगे। मुकाबले से पहले फिलाडेल्फिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए बेहद खास है। एम्बाप्पे ने कहा कि अपने देश के लिए खेलना हमेशा गर्व की बात होती है और विश्व कप जैसे मंच पर 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पूरे करना इसे और भी यादगार बना देता है। उन्होंने कहा कि सौ का आंकड़ा ऐतिहासिक होता है और विश्व कप में इस उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए विशेष क्षण होगा। 27 वर्षीय एम्बाप्पे फ्रांस के लिए 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले 10वें खिलाड़ी बन जाएंगे। हालांकि वह अभी भी पूर्व कप्तान और गोलरक्षक ह्यूगो लोरिस के 145 मुकाबलों के रिकॉर्ड से पीछे हैं। हाल ही में सेनेगल के खिलाफ दो गोल कर एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उनके नाम अब 58 अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं और उन्होंने ओलिवियर जिरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। एम्बाप्पे ने कहा कि व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा उनके लिए टीम की सफलता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इराक के खिलाफ जीत टीम को अगले चरण के करीब पहुंचाएगी और वही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। विश्व कप को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपने देश के लिए इतिहास में याद किए जाना चाहते हैं और विश्व कप जैसा मंच किसी भी खिलाड़ी के लिए अपनी क्षमता दिखाने का सबसे बड़ा अवसर होता है।

मेसी ने रचा इतिहास, विश्वकप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने

अलिंग्टन टेक्सास, 22 जून। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने एक बार फिर फुटबॉल इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दिया है। ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप-जे मुकाबले में 38वें मिनट में गोल दागते ही मेसी फीफा विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने मैच से पहले ही कई रिकॉर्ड्स की दहलीज पर कदम रख दिया था। अल्जीरिया के खिलाफ पिछले मुकाबले में हैट्रिक लगाने के बाद वह शानदार फॉर्म में थे और ऑस्ट्रिया के खिलाफ भी उन्होंने अपना जलवा बरकरार रखा। ऑस्ट्रिया के खिलाफ किया गया यह गोल मेसी के विश्व कप करियर का 17वां गोल रहा। इसके साथ ही उन्होंने जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज(16 गोल) को पीछे छोड़ते हुए फीफा विश्व कप इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मेसी अब विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र उनके खेल के आड़े नहीं आ रही है।

लगातार गोल करने का रिकॉर्ड भी निशाने पर

ऑस्ट्रिया के खिलाफ किया गया यह गोल मेसी का लगातार छठे विश्व कप मैच में गोल रहा। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस के जस्ट फोंटेनऔर ब्राजील के जैरजिन्हो के लगातार छह विश्व कप मैचों में गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। यदि मेसी अगले विश्व कप मुकाबले में भी गोल करने में सफल रहते हैं, तो वह इस मामले में भी नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे।

जन्मदिन से पहले मिला ऐतिहासिक तोहफा

मेसी का जन्मदिन 24 जून को है और उससे ठीक दो दिन पहले उन्होंने विश्व फुटबॉल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह उपलब्धि उनके शानदार करियर में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ती है।

मेसी के नाम पहले से दर्ज कुछ बेमिसाल रिकॉर्ड्स

27 मैच मेसी ने विश्व कप में खेले हैं जो सर्वाधिक है।

मेसी ने मैदान पर 2394 मिनट बिताए हैं जो सबसे ज्यादा है।

मेसी ने सबसे ज्यादा 12 बार मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जीता है।

विश्व कप में मेसी ने 125 सफल ड्रिबल्स किए हैं जो सर्वाधिक है।

पांच दिवसीय राज्य रेफरी क्लिनिक सम्पन्न

जयपुर, 22 जून। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा 17 से 21 जून 2026 तक उदयपुर में आयोजित पांच दिवसीय राजस्थान राज्य हैंडबॉल रेफरी क्लिनिक का रविवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह थे। अध्यक्षता राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के संरक्षक महेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

क्लिनिक के फैकल्टी इंचार्ज अनूप कसवां व सहायक इंचार्ज तेजवीर सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय क्लिनिक में प्रदेश भर से कुल 98 प्रतिभागियों ने भाग लिया। गहन शारीरिक, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन के उपरांत 2 प्रतिभागियों भूपेंद्र पाल सिंह (पाली) व सुशीला (राजसमंद) को ए ग्रेड, 9 प्रतिभागियों उदाराम मेघवाल (बीकानेर), शोभा (हनुमानगढ़), ओम प्रकाश गुर्जर (जयपुर), आनंद सिंह बिट्टू (बीकानेर), गीता स्वामी (चूरू), रामकुंवार बाजिया (नागौर), पवन राजोरिया (दौसा), दिनेश गुर्जर (करौली), गोविंद कुमार (सिरोही), जयदेव बिट्टू (बीकानेर), मणिराज बिट्टू (बीकानेर), रवि पारीक (भीलवाड़ा), रुद्रप्रताप सिंह (ब्यावर), संजय सिंह बिट्टू (बीकानेर), विनिता मेनारिया (उदयपुर) को बी ग्रेड तथा 81 प्रतिभागियों को सी ग्रेड प्रदान कर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. तेजराज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान में हैंडबॉल रेफरी के स्तर को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए यह क्लिनिक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी।

पाक से दो मुकाबलों के साथ लंदन चरण में उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 22 जून। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025-26 के लंदन चरण में 23 से 28 जून तक मैदान में उतरेगी। इस चरण का सबसे बड़ा आकर्षण भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले दो मुकाबले होंगे। भारतीय टीम मेज़बान इंग्लैंड से भी दो बार भिड़ेगी। नीदरलैंड के रॉटरडैम चरण के बाद भारतीय टीम लंदन पहुंच रही है, जहां उसने चार मुकाबलों में दो जीत दर्ज कर आत्मविश्वास हासिल किया था। अब टीम का लक्ष्य इस लय को आगे बढ़ाते हुए अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले विशेष चर्चा में हैं।

खो-खो में 26 खिलाड़ी सीख रहे गुर

जयपुर, 22 जून। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित 66वें केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर में खो-खो खिलाड़ियों का गहन प्रशिक्षण जारी है। इस शिविर में कुल 26 खिलाड़ी (15 बालक और 11 बालिकाएँ) विभिन्न जिलों से भाग लेकर खेल के बारीक गुर सीख रहे हैं। खो-खो प्रशिक्षक अतिशय जैन ने बताया कि गुलाबी नगरी जयपुर के तेजस शर्मा और सीकर के प्रियांशु कुमावत बालक वर्ग में, जबकि जयपुर की प्रियांशी चौधरी और सीकर की तनीषा कंवर बालिका वर्ग में भविष्य के उभरते खिलाड़ी हैं।

जयपुर जिला क्रिकेट संघ की एजीएम पर रोक, मांगा जवाब

जयपुर, 22 जून। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर जिला किकेट संघ की 23 जून को होने वाली एजीएम पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में एडहॉक कमेटी से 8 जुलाई तक जवाब तलब किया है। जस्टिस अनुरूप सिंघी की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश हशमत आलम व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यदि कमेटी, बाहर रखे गए सदस्यों को अपनी फीस जमा कराने की अनुमति देती है तो संघ अपने संविधान के अनुसार एजीएम करने को स्वतंत्र होगा। याचिका में अधिवक्ता पीयूष नाग ने अदालत को बताया कि जयपुर जिला किकेट संघ की एडहॉक कमेटी की ओर से 59 किकेट क्लब सदस्यों को पात्र मानते हुए 23 जून को एजीएम बुलाने का नोटिस जारी किया है। इस सूची में याचिकाकर्ताओं का नाम नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने जब इसका कारण पूछा तो बताया गया कि क्लब की ओर से संघ को दिए जाने वाले भुगतान के बकाया होने के चलते कुछ माह पहले उनका एफिलेशन वापस ले लिया गया है। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि पूर्व में जिला क्रिकेट संघ में करीब 135 सदस्य थे। ऐसे में अब आधे से अधिक सदस्यों को भुगतान बकाया के आधार पर हटाया गया है। जबकि यदि कोई भुगतान भी बकाया है तो उसे नियमानुसार 31 जुलाई तक जमा कराया जा सकता है। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं का एफिलेशन वापस लेने से पूर्व उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया और ना ही सुनवाई का मौका मिला। ऐसे में जिला किकेट संघ की ओर से 23 जून को आयोजित हो रही एजीएम को रोका जाए। वही एड हॉक कमेटी की ओर से कहा गया कि खेल अधिनियम के तहत याचिकाकर्ताओं के पास वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है। इसके तहत सदस्यता समाप्ति से संबंधित विवाद केवल आर्बिट्रेशन के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने अपनी स्थिति का खुलासा किए बिना क्लब पदाधिकारी होने का दावा कर याचिका दायर की है। इसे में याचिका को खारिज किया जाए। एड होप कमेटी की ओर से कहा गया कि यात्राओं को सदस्यता शुल्क का भुगतान नहीं होने के कारण केवल एजीएम से बाहर रखा गया है। उनकी संबद्धता को समाप्त नहीं किया गया है। याचिकाकर्ताओं को तीन नोटिस दिए गए थे, लेकिन फिर भी उन्होंने बकाया भुगतान नहीं किया। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने एजीएम पर रोक लगाते हुए एडहॉक कमेटी से जवाब तलब किया है।

अतुल आयोजन सचिव नियुक्त, आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन आज से

जयपुर, 22 जून । राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी व हेड कोच अतुल गुप्ता को जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता व मनोज दासोत ने आर डी बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए आयोजन सचिव नियुक्त किया है। पूर्व में भी अतुल गुप्ता यह जिम्मेदारी बखूबी निभा चुके हैं। अतुल गुप्ता ने बताया कल सुबह 10:30 बजे प्रतियोगिता का प्रारंभ होगा जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी व माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बाहेती तथा विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन के जैन व आर डी बाहेती ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक बाहेती व संजय बाहेती होंगे। प्रतियोगिता कल सुबह से खेली जाएगा।

आरसीए की एजीएम में सवाई माधोपुर क्रिकेट संघ से किसी को शामिल नहीं करें : हाईकोर्ट

जयपुर, 22 जून। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरसीए की 26 जून को होने वाली एजीएम में सवाई माधोपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से किसी को भी शामिल नहीं करने का निर्देश दिया है। वहीं मामले की आगामी सुनवाई 29 जून को तय की है। अवकाशकालीन जस्टिस बिपिन गुप्ता ने यह निर्देश डीडी कुमावत व मामले से जुड़ी अन्य याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान आरसीए ने कहा कि वह अभी जल्द चुनाव नहीं करवा रहे हैं। जिस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 29 जून को रखते हुए सवाई माधोपुर क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से किसी को भी आरसीए की एजीएम में शामिल करने पर पाबंदी लगा दी। मामले से जुड़े अधिवक्ता पीयूष नाग ने बताया कि आरसीए की तदर्थ समिति ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन सवाई माधोपुर के अध्यक्ष डीडी कुमावत वाली एसोसिएशन को नहीं मानकर डॉ. सुमित गर्ग वाली एसोसिएशन को मान्यता दे दी। इसे हाईकोर्ट में डीडी कुमावत ने चुनौती देते हुए कहा कि स्पोर्टस एक्ट के तहत किसी संघ में दो गुट होने या अन्य विवाद होने पर उसे खेल सचिव द्वारा तय किया जाएगा, लेकिन मौजूदा मामले में आरसीए ने ही एसोसिएशन के एक गुट को असंबद्द कर दिया और दूसरे गुट को मान्यता दे दी। आरसीए को ऐसा करने का अधिकार ही नहीं है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में एसोसिएशन की ओर से किसी को भी शामिल करने पर आगामी सुनवाई तक पाबंदी लगा दी है।

कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला भरतपुर
मोन्टेसरी स्कूल के पास, भरतपुर, E-Mail : adpcsmsabharatpur@gmail.com
क्रमांक :- जिपस/भरत/पीएमश्री/2026-27/75 दिनांक :- 18/06/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2026-27
कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, भरतपुर द्वारा जिला भरतपुर एवं डीग अन्तर्गत पीएमश्री विद्यालयों में तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन हेतु मानव सेवाओं (NTT DIPLOMA TRAINED PERSON AND CLEANING SERVICE) के उपापन हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत 37.40 लाख एवं ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक 29/06/2026 है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB : RSE2627A0206, UBN : RSE2627SLRC00529
राज.संवाद/सी/26/5346 अति. जिला परियोजना समन्वयक

कार्यालय नगर परिषद बारां
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां (राज0) Phone : 07453-230106
क्रमांक :– नपबा / पूल शाखा / 2026 / 2838–39 दिनांक :– 18.06.2026
निविदा सूचना संख्या : 06/2026–27
नगर परिषद बारां द्वारा वितीय वर्ष 2026–27 हेतु इस कार्यालय के द्वारा ऑटो टीपर एवं ई–रिक्शा घर–घर कचरा संग्रहण वाहन हेतु वाहन चालक उपलब्ध करवाने के कार्य की ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक सवेदक / फर्म निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते है। कार्य लागत 49.50 लाख रूपये है।
UBN NO. DLB2627SLOB07953
राज.संवाद / सी / 26 / 5353 आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner
क्रमांक - बीविप्रा./बीका/अ.अभि/2026-27/राजकाज 22902479 दिनांक :- 18/06/2026
ई - बिड सूचना संख्या 04/2026-27
बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, प्राधिकरण एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तो आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://lsg.rajasthan.gov.in/bda पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- BID2627WSOB00011 - 13
राज.संवाद/सी/26/5333 अधिशाषी अभियन्ता

Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in
Ref. No. : F-8( ) RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/317 Dated :- 18/06/2026
CORRIGENDUM / ADDENDUM
Bid for item:
1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld),
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only
are invited from interested bidders up to Date : 14.07.2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.
UBN : MSC2526GLOB00056
Raj.Samwad/C/26/5341 Executive Director (EPM) Rajasthan Medical Services Corporation

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाड़ी
पता :- बाईपास किला बाडी-328021, ई मेल-ee_pwdbari@rediffmail.com
क्रमांकः 308 दिनांक 10.06.2026
निविदा सूचना संख्या : 03/2026-2027
NIB No: PWD2627A1046 UBN is: PWD2627WSOB04537, PWD2627WSOB04538, PWD2627WSOB04539
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 3 नं. पर सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए, "ए"बी"सी" संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजसथान सरकार के "एए, "ए"बी"सी" के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।
www.eproc.dipronline.org, http:/www.pwd.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in"
DIPR/C/10536/2026 अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खण्ड बाडी

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/85 - 87 Date :- 16/06/2026
ई-निविदा सूचना संख्या : 23/2026-27
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 279.18 लाख (16 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	18.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.07.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	18.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.07.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	07.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
ITU2627WSOB00096, 97, 99, 100, 101, 102, 103, 104, 105,106, 107, 108, 109, ITU2627SSOB00098, 110, 111,
राज.संवाद/सी/26/5331 अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय उदयपुर विकास प्राधिकरण

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली
निविदा सूचना संख्या-04/2026-27
कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली के अधीन संचालित 14 पीएम श्री विद्यालयों (सूची संलग्न) में पूर्व प्राथमिक कक्षाऐं / बाल वाटिकाओ हेतु प्रति विद्यालय 01 एनटीटी / डिप्लोमा ट्रेंड व्यक्ति और 01 सफाईकर्मी की 10 माह की सेवाएें हेतु (अनुमानित लागत 23.80 लाख रूपये) सेवा प्रदाता के माध्यम से ली जानी है। इस हेतु ई-निविदाएं दिनांक 15.06.2026 समय दोपहर 12.00 बजे से 24.06.2026 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा इलैक्ट्रोनिक फार्मेट में वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण कार्यालय में कार्यालय समय एव www.eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN NO-RSE2627SLOB00470
DIPR/C/10918/2026 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बाडी जिला धौलपुर
क्रमांक :-318 दिनांक :- 11.06.2026
निविदा सूचना संख्याः 04/2026-27
NIB No: PWD2627A1055
UBN is: PWD2627WSOB04576, PWD2627WSOB04577
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बाडी जिला धौलपुर में सडक मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए, "ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए, "ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronline.org" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

क्र.सं.	मुख्यालय का नाम	कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बाडी
1	निविदा का कार्य	मरम्मत कार्य
2	निविदा की कुल लागत	रु. 38.02 लाख
3	निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया	वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प. (5) / वित्त/साविलेनि / 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-02 (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00
4	निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (बेवसाइट पर)	दिनांक 19.06.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 29.06.2026 सायं 6:00 बजे तक
5	निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर)	दिनांक 19.06.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 29.06.2026 सायं 6:00 बजे तक
6	निविदा खोलने की तारीख (बेवसाईट पर)	दिनांक 30.06.2026 दोपहर 03:00 बजे

DIPR/C/10556/2026 अधिशाषी अभियन्ता सा0नि0वि0 खण्ड बाडी